# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)
Website- msuniversity.ac.in
Email ID –registrar@msuniversity.ac.in
ar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 1135 / एन0एस0एस0 / एम0एस0यू0 / 2022–23 दिनांक : 08/08/2022

सेवा में,
प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय,
सहारनपुर

**विषय : प्रगतिशील स्वतंत्र भारत के 75 गौरवशाली वर्षों का जश्न "आजादी का अमृत महोत्सव" स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर "हर घर तिरंगा' एवं अन्य कार्यक्रमों के रूप में आयोजित करने विषयक।**

महोदय,

श्री राज्यपाल / कुलाधिपति महोदय के विशेष कार्याधिकारी, उत्तर प्रदेश के पत्रांक ई–4940 / 32–जी0एस0 / 2022–V दिनांक 02.08.2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने एवं उचित कार्यवाही करने का कष्ट करें।

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा 'सेल्फी विद तिरंगा' प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रतिभाग करने वाले छात्र / छात्राओं को चयन के उपरान्त प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर दिनांक 15.08.2022 को पुरस्कृत किया जायेगा।

प्रतिभाग करने वाले छात्र / छात्राएं 'सेल्फी विद तिरंगा' प्रतियोगिता के अन्तर्गत ली जाने वाली सेल्फी दिनांक 14 अगस्त 2022 प्रातः 10:00 बजे तक मोबाइल नं0 6395246047 / 9911036256 या ईमेल baliyan.amit2016@gmail.com प्रेषित कर सकते हैं। छात्र / छात्राएं सेल्फी के साथ अपना नाम, पिता का नाम, महाविद्यालय का नाम, कक्षा व मोबाइल नम्बर अनिवार्यतः प्रेषित करें।

**प्रतियोगिता के नियम :**

1. सेल्फी छत पर लेनी होगी।
2. सेल्फी लेते समय वेशभूषा ऐसी पहनी हो जिससे देशभक्ति की भावना प्रदर्शित हो।
3. तिरंगा कहीं से कटा–फटा न हो।
4. तिरंगा भूमि को स्पर्श न कर रहा हो।
5. केवल एक ही तिरंगे के साथ में सेल्फी होनी चाहिये।
6. प्रतियोगिता में प्रेषित सेल्फी 11 अगस्त 2022 से 14 अगस्त 2022 के मध्य की ही होनी चाहिये।

विश्वविद्यालय के सम्बद्धता के अन्तर्गत आने वाले सभी महाविद्यालयों के शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी छात्र–छात्राएं दिनांक 13 से 15 अगस्त 2022 तक अपने आवास पर तिरंगा अवश्य लगायें एवं अन्य लोगों को भी इसके लिये प्रेरित करें।

आप सभी से अपेक्षा है कि आप अपने महाविद्यालय में अध्ययनरत सभी छात्र / छात्राओं को उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु अधिक से अधिक प्रेरित करने का कष्ट करें।

(डॉ0 भूपेन्द्र कुमार)
कार्यक्रम समन्वयक

प्रतिलिपि :
1. क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना, अलीगंज, लखनऊ
2. वैयक्तिक सहायक, मा0 कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ
3. कुलसचिव कार्यलय, कुलसचिव महोदय को सूचनार्थ

कार्यक्रम समन्वयक

# राज्यपाल सचिवालय उत्तर प्रदेश
## लखनऊ – 226027

संख्या : ई– 4948 /जी0एस0
दिनांक : 03, अगस्त, 2022

प्रेषक,

श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति / निदेशक,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

महोदय / महोदया,

मा0 राज्यपाल / कुलाधिपति द्वारा समय–समय पर अपने उद्बोधन में नारी स्वास्थ्य एवं नवजात बच्चों / शिशुओं के कुपोषण के बारे में उद्गार व्यक्त किये जाते हैं। यह विषय केवल उद्गार ही नहीं वरन स्वस्थ समाज के लिए अपनी अहम भूमिका रखते हैं।

उक्त पृष्ठभूमि में मा0 राज्यपाल / कुलाधिपति जी ने यह अपेक्षा की है कि विभिन्न विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत् छात्र / छात्राओं को उदाहरणस्वरूप निम्नलिखित विषय के प्रति संवेदनशील किया जायेः–

1– गर्भ संस्कार
2– युवा महिलाओं मे प्रजनन काल के दौरान संक्रमण
3– प्रसव उपरान्त देखभाल, नवजात शिशुओं की देखभाल और उनका लालन / पालन
4– नवजात शिशुओं को स्तनपान
5– छोटे बच्चों को विकास के साथ–साथ उनके पोषण और उनके अन्दर अच्छे संस्कार दिया जाना
6– रजोदर्शन एवं रजोनिवृत्ति के समय की समस्यायें आदि

इन सब के बारे में उचित होगा कि किसी सुसंगत विषय में एक चैप्टर इनके बारे में अनिवार्य रूप से रखा जाये और इसकी पढ़ाई भी कराई जाये।

कृपया उपरोक्तानुसार अपने–अपने विश्वविद्यालय / संस्थान में इस हेतु विषय–वस्तु को विकसित करने तथा इसके अध्यापन की व्यवस्था कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

( महेश कुमार गुप्ता )
कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव।

4 झंडे के साथ सेल्फी लेकर उसे वेबसाइट https://harghartiganga-com पर पोस्ट की जाये इसके साथ ही, कोई भी व्यक्ति अपने भौगोलिक निर्देशांक के अनुसार वेबसाइट पर ध्वज को पिन कर सकता है।

5 विश्वविद्यालयो/संस्थानों की वेबसाइटों पर इसी तरह के बदलाव कर 22 जुलाई 2022 से शुरू "हर घर तिरंगा" वेबसाइट https://harghartiranga.com पर इसे अपडेट किया जाये।

6 आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत अपने सभी इंटरनेट मीडिया एकाउंट के प्रोफाइल एवं डिस्प्ले पिक्चर (डीपी) लगाए।

7 विश्वविद्यालय के संबद्धता के अन्तर्गत आने वाले जिलों में शिक्षक कर्मचारी, अधिकारी के साथ–साथ विद्यार्थी भी गांव–गांव जाकर "हर घर तिरंगा" का प्रचार–प्रसार करें एवं इसके साथ–साथ लेखन, स्लोगन, पेंटिंग प्रतियोगिता, पौधरोपण, नुक्कड़ नाटक, डाक्यूमेंट्री, संगोष्ठी आदि का भी आयोजन कराएं। विश्वविद्यालय सेल्फी विद तिरंगा प्रतियोगता का आयोजन कराएं एवं विजेताओं को 15 अगस्त को कार्यक्रम में सम्मानित करें।

कृपया तद्नुसार आवश्यक कार्यवाही करने एवं कृत कार्यवाही की रिपोर्ट अधोहस्ताक्षरी के ई–मेल आईडी (rajbhavanosde@gmail.com) पर प्रेषित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

( डॉ0 पंकज एल0 जानी )
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी।

VCJ/434

रपीड पोस्ट/ई-मेल

# राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश
## लखनऊ–226027

संख्या : ई– 4440 /32–जी0एस0/2022–II
दिनांक: 03, अगस्त, 2022

प्रेषक,

श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति/निदेशक
समस्त राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

विषय :– प्रगतिशील स्वतंत्र भारत के 75 गौरवशाली वर्षों का जश्न "आजादी का अमृत महोत्सव" स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर "हर घर तिरंगा" एवं अन्य कार्यक्रम के रूप में आयोजित करने विषयक।

महोदय/महोदया,

जैसा कि आप अवगत हैं कि प्रगतिशील स्वतंत्र भारत के 75 वर्ष पूर्ण करने पर "आजादी का अमृत महोत्सव" (AKAM) मनाया जा रहा है। AKAM के अन्तर्गत "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें नागरिकों को अपने–अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज को फहराने हेतु प्रोत्साहित किया जाना है। देश के शैक्षणिक संस्थानों को इसकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करनी है।

मा0 कुलाधिपति महोदया द्वारा इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु निम्नलिखित कार्यक्रमों को विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित करने के निर्देश दिए गये हैं :–

1 छात्रों के साथ–साथ स्थानीय युवा मंडलों, एनएसएस एवं एनसीसी आदि के स्वयंसेवकों को सम्मिलित करते हुए 11 से 15 अगस्त, 2022 के मध्य "प्रभात फेरी" का आयोजन किया जाये।

2 छात्रों को अपने पड़ोस में कम से कम 5 और घरों में झंडे बेचने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है।

3 दिनांक 13 से 15 अगस्त, 2022 के दौरान सभी छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के आवासों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाए।

Co-ordinator NSS/Registrar

कुलपति 8/8/22